LIBRARY

School of Planning And Architecture ,Bhopal

S.No.33 (November 2024)

दैनिक इंटीग्रेटेड ट्रेड न्यूज़ पेज न. 03 06/11/2024

एसपीए भोपाल में सतत जीवन शैली पर राष्ट्रीय सम्मेलन

सीएनएन सेंट्रल न्यूज़ एंड नेटवर्क/आईटीडीसी इंडिया ई प्रेस /आईटीडीसी न्यूज़ भोपाल । सतत जीवन शैली एवं जलवायु अनुकूल निर्माण अभिकल्पना एवं योजना पर राष्ट्रीय सम्मेलन 7 और 8 नवंबर 2024 को योजना एवं वास्तुकला विद्यालय (एस.पी.ए.) भोपाल में आयोजित किया जाएगा । राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य भारतीय शहरों और गांवों के लिए जलवायु अनुकूल निर्माण अभिकल्पना एवं योजना की विभिन्न अवधारणाओं (HARIT - Holistic Action for Rejuvenating Indigenous Traditions) का पता लगाना है । इस सम्मेलन में भारतीय पारंपरिक अभिकल्पना एवं योजना पर विभिन्न सरकारी संगठन, संस्थान, सलाहकार और हितधारक सम्मिलित होकर अपने विचारों को साझा करेंगे । इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में छह विषयगत क्षेत्रों पर चर्चा होगी । 1) जलवायु अनुकूल भवन निर्माण एवं नगर नियोजन, 2) प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और पारंपरिक अवधारणायें, 3) पर्यावरण मनोविज्ञान और सतत विकास, 4) स्वास्थ्यवर्धक परिवेश का निर्माण, 5) नवाचार और प्रौद्योगिकी, और 6) पारंपरिक निर्माण सामग्री एवं कारीगरी के परिपेक्ष्य में मौजूद चुनौतियाँ । पैनल में सरकारी, गैर सरकारी संगठनों और HARIT अवधारणा पर काम करने वाले विभिन्न संस्थानों के प्रख्यात वक्ता शामिल होंगे ।

OnlinePhotoScanner.com